निगम शाखा कृ प्रभा/आदेश। 30.11.23

अतिआवश्यक

(67

संख्याः– पी0 / वि0प0–हस्ता0–07 / 2022–12733 /

बिहार सरकार
गृह विभाग
(विशेष शाखा)

प्रेषक,

अनिमेश पाण्डेय,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

प्रधान सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 31/10/ 2023

विषय :– **श्री अशोक कुमार, माननीय स0वि0प0 द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या–1 / 205 / 71 के हस्तानान्तरण के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में बिहार विधान परिषद् के तारांकित प्रश्न संख्या–1 / 205 / 71 की मूलप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि तारांकित प्रश्न का मूल विषय "**नवादा जिला का रोह प्रखंड को नवाद सदर अनुमंडल में जोड़ने**" से संबंधित है। बिहार विधान परिषद् को उक्त तारांकित प्रश्न का उत्तर प्रतिवेदन सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के स्तर से प्रेषित किया जाना समीचीन है।

अनुरोध है कि विषयांकित तारांकित प्रश्न का उत्तर अपने स्तर से बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन,
30/10/2023
(अनिमेश पाण्डेय)
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांकः–पी0 / वि0प0–ह0–07 / 2022 12733 **/ पटना, दिनांक** 31/10/ **2023**

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/10/2023.
सरकार के अपर सचिव।

O/C

Devranjan/draft/1

Bihar Vidhan Parishad Question

1/205/71

जोड़ने का विचार कबतक

18/10/2023 27/10/2023

*1/205/71 श्री अशोक कुमार(स्थानीय प्राधिकार, नवादा)

गृह

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला का रोह प्रखंड रजौली अनुमंडल अंतर्गत पड़ता है जो 42 किलोमीटर दूर स्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि रोह प्रखंड के लोगों को रजौली अनुमंडल जाने के क्रम में नवादा सदर अनुमंडल होकर गुजरना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि रोह प्रखंड को नवादा सदर अनुमंडल में जोड़ दिया जाय तो ग्रामीणों को अनुमंडल संबंधित किसी कार्य करवाने हेतु अनुमंडल नजदीक पड़ेगा;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रामीणों के हित में रोह प्रखंड को नवादा सदर अनुमंडल में जोड़ना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

सामान्य प्रशासन विभाग
श्री देवरंजन जी
30/10/23